**पी.जी.डी.टी.-03**

00640

# अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2010

## पी.जी.डी.टी.-03 : व्यावहारिक अनुवाद के विविध स्तर और क्षेत्र

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

*नोट :* ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

---

1. आशु अनुवाद से आप क्या समझते हैं? आशु अनुवादक से क्या-क्या अपेक्षाएं की जाती हैं? **20**

2. (क) निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए : **10**

    (i) The pilots are protesting against the ouster of two colleagues.

    (ii) The members of Indian cricket team arrived at their hotel at 4 P.M. and two hours later they were at premadasa stadium for a full practice session under lights.

    (iii) The 12 participating teams have been split into four groups and the topper of each group will qualify for semifinals.

(iv) Had it not been Amir Khan's 'Taare Zameen Par' dyslexia (एक रोग का नाम) would have been even less heard of than what it is today.

(v) Hearing disabilities render a child unable to grasp what he is taught in school with the same case as his classmates.

(ख) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

(i) शून्य की संकल्पना करने वाले गणितज्ञ, दार्शनिक और खगोल-शास्त्री (astronomer) आर्यभट्ट ने आर्यभट्टीय और आर्यसिद्धांत की रचना 550 ईसवीं में की थी।

(ii) कानून-व्यवस्था राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है, इसलिए जब केन्द्र अपने विवेक के आधार पर केन्द्रीय बलों या सेना की तैनाती करता है तो उन्हें लगता है कि उनके अधिकार क्षेत्र में दखल दिया जा रहा है।

(iii) सामाजिक प्रगति में साक्षरता का वही स्थान है जो अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बुनियादी ढाँचे का।

(iv) 33 युवा कलाकारों को गुरुवार को संगीत नाटक अकादेमी की ओर से साल 2008 के 'उस्ताद बिसमिल्ला खाँ युवा पुरस्कार' से नवाजा जाएगा।

(v) यह पुरस्कार संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनेवाले 35 वर्ष से कम आयु के कलाकारों को प्रदान किया जाता है।

3. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **3x15=45**

(क) Thirty six positive cases of swine flu were reported in the capital on wednesday, of which 20 were children. Pandemic (महामारी) swine flu infect cells deeper in the lungs than seasonal flu does, according to the new study published in 'Nature Biotechnology'.

The researchers from Imperial College London who conducted the research, say this may explain why people infected with pandemic strain of swine - origin H1N1 influenza are more likely to show severe symptoms than those infected by the seasonal strain of H1N1.

(ख) The Chief Election Commissioner Navin Chawla on Wednesday said that political parties who met him were unanimous in their demand that the date of counting of votes for Maharashtra's Assembly elections in the state should not be advanced. Assembly elections in the state will be held on October 13 while counting is slated for 22nd October.

The C.E.C. said the issue of advancing the date of counting was raised by the press in Haryana. Members of the press wanted to know why there was a gap of nine days. The EC would meet parties in Nagpur on Thursday and take decision on the date of counting after returning to Delhi. The EC also reviewed the situation after communal riots is Sangli, Miraz and Kolhapur.

(ग) On November 26, 1820, James Prinsep came to India. At 28, he was the youngest Fellow of the British Asiatic Society. Benaras Captured his attention and he spent 10 years there. But in all these years he contributed more to this holy city than any individual in Indian history. He was first to determine the latitude and longitude (चौड़ाई और लंबाई) of the city, he prepared the first authentic census of the people of Benaras. He was the first to make a bridge over Karmanasha river-considered a feat (कमाल) as the task had defied the engineers and architects for nearly a century. He made the first weather register which is still accurate. He laid the first under ground drainage system, which still serves the city, repaired minarets of Aurangezeb mosque and importantly, took out time to sketch its monumental grandeur and the ghats.

(घ) NASA's plans to fly to the moon and Mars are under threat from a lack of funds and the space agency needs 3 billion dollars for its dreams to become reality, a presidential panel said.

"Space operations become all the more difficult when means do not match aspirations," the committe wrote, "Such is the case today." U.S. President in 2004, George W. Bush launched a programme named constellation (तारामंडल) with a goal of returning to moon by 2020 and then establishing a lunar launch - pad for a first trip to Mars. But in an executive summary of its report, a white House Commission

named by Bushe's successor Barack Obama to review the U.S. manned space programme, said the current schedule was unachievable.

4. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी ***एक*** का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 15

(क) अगर संपूर्ण मानव जाति को जीने के लिए समर्थ बनाना है और अगर हम चाहते हैं कि वे जीवन का प्रयोजन समझते हुए जीवन बिताएँ तो इसके लिए इन करोड़ों आदमियों को श्रद्धा का दूसरा ही रूप, सच्चा समझना चाहिए। वस्तुत: शॉपेनहार (schopenhauer) और सुलेमान के साथ ही मैं ने जो अपने जीवन का अंत नहीं किया तो कुछ उससे मुझे श्रद्धा के अस्तित्व में विश्वास नहीं हुआ। श्रद्धा के अस्तित्व में विश्वास तो मुझे यह देख कर हुआ कि ये करोड़ों आदमी जीते रहे हैं और जी रहे हैं और उनकी जीवन धारा में सुलेमान और हम जैसे लोग बहते रहे हैं। तब मैं दीन-हीन, सीधे-सादे और अशिक्षित आस्तिकों यानी तीर्थ यात्रियों, पुरोहितों, संप्रदायों और किसानों के नज़दीक खिंचने लगा। ये मामूली आदमी भी उसी ईसाई धर्म को मानते हैं जिसे मानने का दावा हमारे दायरे के कृत्रिम आस्तिक लोग करते हैं। इन आदमियों में भी मैं ने देखा कि ईसाई-सत्यों के साथ बहुतेरे अंध-विश्वासों को मिला दिया गया है। लेकिन दोनों में फर्क यह था ... कि हमारे वर्ग के दायरे के आस्तिकों की सारी जिंदगी उनके विश्वासों के प्रतिकूल थी; पर श्रमिक आस्तिकों की सारी जिंदगी जीवन के उस अर्थ को दृढ़ और पुष्ट करती थी जो वे श्रद्धा से प्राप्त करते थे।

('मेरी मुक्ति की कहानी' - लियो रालस्टाय)

(ख) ऐतिहासिक घटनाओं और व्यक्तियों से जुड़े तथ्यों और दस्तावेज़ों आदि को सँभालने – सुरक्षित रखने के मकसद से स्मारकों या संग्रहालयों की स्थापना तो कर दी जाती है, मगर उनकी देखरेख, सुरक्षा आदि को लेकर सावधानी नहीं बदली जाती/संग्रहालयों से दस्तावेज़ों के गायब होने या रख–रखाव में बरती जानेवाली लापरवाही की वजह से उनके नष्ट हो जाने की खबरें जब–तब आती रहती हैं। दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री स्मारक से शास्त्री जी की घड़ी का गायब हो जाना इसका ताजा उदाहरण है। स्मारक के प्रशासन का कहना है कि चोरी साप्ताहिक अवकाश वाले दिन हुई, जब पूरे भवन में ताला बंद रहता है और परिसर में चौकीदार के अलावा कोई नहीं होता। स्मारक प्रशासन ने चार दिन तक अपने नई छान–बीन की, फिर इसकी सूचना पुलिस को दी। यह देश में इस तरह की पहली घटना नहीं है। इससे पहले राष्ट्रीय संग्रहालय से जनरल नियाजी की पिस्तोल, विश्वभारती विश्वविद्यालय के संग्रहालय से रवीन्द्रताथ ठाकुर का नोबेल पदक और पटना के संग्रहालय से ऐतिहासिक महत्व की मूर्तियाँ चोरी हो चुकी हैं।

---